कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
घण्टाघर, सहारनपुर।

पत्रांकः– 2859 / वि0वि0म0द्वितीय/स0पुर/निविदा

दिनांक :– 25/02/2026

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान
मेरठ (संस्करण)।

विज्ञापन व्यवस्थापक
शाह टाईम्स
मुजफ्फरनगर (संस्करण)।

## विज्ञापन आदेश

महोदय,

कृपया कारपोरेशन के पत्र संख्या 488/रेस्पो/द्वि0प्र0/ दिनांक 06.03.2025 की प्रति संलग्न कर इस अनुरोध कि साथ प्रेषित है कि संदर्भित पत्र में दिये गये मानकों के अनुरूप ही पत्र के साथ संलग्न 1 नं0 विज्ञापन की निविदा सूचना अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र में दिनांक 26.02.2026 अथवा 27.02.2026 के अंक में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उल्लेखनीय बिन्दु निम्नवत् हैः–

1. समाचार पत्रों में उक्त निविदा प्रकाशन 8 से0मी0 चौडाई के कॉलम (equivalent to 2 columns of news paper) में प्रकाशित कराये जायेगे।
2. हिन्दी फॉन्ट krutidev 010 एवं फॉन्ट साइज 10–12–14 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
3. अग्रेजी फॉन्ट Times New Roman एवं फॉन्ट साइज 8–10–12 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
4. प्रकाशन running matter के स्थान पर उक्त संलग्न प्रारूपों में यथास्वरूप ही प्रकाशित कराये जायेगे।
5. कॉलम की उचॉई content के अनुसार परिवर्तनीय variable रहेगी। इस space को बढकर विज्ञापन का आकार (height) अनाश्यक रूप से न बढ़ाया जाये।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनाएँ जैसे बिजली, बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचनाएँ बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ट पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन को दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को/अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेंजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की समाग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा मे करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपकी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गन्दे अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक–1–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

पत्रांकः– 2859 / दिनांकः– 25/02/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्नित निविदाए निगम की वैबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा करें।
2. मुख्य अभियन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, सहारनपुर।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ
4. उप मुख्य लेखाधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, जोनल कार्यालय सहारनपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–बलियाखेडी, सहारनपुर/रामपुरमनिहारान/नकुड।
6. N.I.E.L.T. (Doeacc Center) Unit, PVVNL को डिस्काम की वैबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
7. नोटिस बोर्ड

अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

Scanned with OKEN Scanner

| पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर |
|---|
| अल्पकालीन ई–निविदा सूचना |
| निविदा सं0 एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण |
| 1. 56/डब्लू/2025–26:– विद्युत वितरण उपखण्ड–आई0टी0आई0 के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत, रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य। (निविदा मूल्य रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 20000.00 मात्र) |
| 2. 57/डब्लू/2025–26:– विद्युत वितरण उपखण्ड–रामपुर मनिहारन के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत, रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य। (निविदा मूल्य रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 20000.00 मात्र) |
| 3. 58/डब्लू/2025–26:– विद्युत वितरण उपखण्ड–नानौता के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत, रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य। (निविदा मूल्य रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 20000.00 मात्र) |
| अल्पकालीन ई–निविदा की अंतिम तिथि : 11.03.2026 समय 12:00 बजे |
| विस्तृत जानकारी एंव प्रपत्र वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध हैं। अग्रेत्तर समस्त सूचनाए वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी। |

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर

Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

Scanned with OKEN Scanner